शिया पी. जी.कालेज

[लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त मुस्लिम (शिया) अल्पसंख्यक संस्था]
कला, विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में छात्र एवं छात्राओं के शिक्षण हेतु।
सीतापुर रोड, लखनऊ- 226020(उ0 प्र0) भारत।]

वेबसाइट : www.shiapgcollege.ac.in ई-मेल :info@shiapgcollege.in फोन : 0522-6450005

प्रो. तलअत हुसैन नक़्वी
प्राचार्य

पत्रांक : ....
दिनांक : 14.03.2020

कार्यालय आदेश

प्रति,

विभागाध्यक्ष/इंचार्ज/समन्वयक
शिया पी. जी. कालेज,
लखनऊ।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नोवेल **करोना वायरस (Covid-19)** के सम्बन्ध में जारी शासनादेश संख्या-813/सत्तर-3-2020-08(20)/2020 दिनांक 13.03.2020 तथा लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र दिनांक 13.03.2020 को दृष्टिगत रखते हुये निम्नलिखित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें:-

1- महाविद्यालय में कक्षायें और शिक्षण कार्य दिनांक 22.03.2020 तक पूर्ण रूप से बन्द रहेगा।

2- विश्वविद्यालय द्वारा संशोधित कार्यालय ज्ञाप द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि प्रस्तावित आंतरिक/प्रायोगिक/मौखिक/लिखित परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सम्पन्न कराई जायेगी। इसलिये जो विभाग इन परीक्षाओं का संचालन करना चाहते है वो स्वच्छता सम्बन्धी मानको का पालन करते हुये उसके सम्बन्ध में आदेश जारी कर छात्र/छात्राओं को सूचित कर दें और आदेश की प्रतिलिपि प्राचार्य कार्यालय एवं एस.सी.डी.आर.सी. कार्यालय को उपलब्ध करा दें जिससे नोटिस को वेबसाइट पर डाला जा सके।

3- सभी शिक्षक नैक की तैयारियों के लिये इस समय का इस्तेमाल करें। दिनांक 16.03.2020 को प्रबंधक महोदय के साथ नैक की तैयारियों की समीक्षा के लिये विभिन्न विभागों की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही सम्पादित होगी। इसी प्रकार दिनांक 17.03.2020 को आई.क्यू.ए.सी. व आई.ए.सी. की बैठके भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित होगी। इन बैठकों के लिये सभी शिक्षक अपनी तैयारियां जारी रखे। महाविद्यालय में शिक्षकों को दिनांक 22.03.2020 तक आकर हस्ताक्षर करने की कोई बाध्यता नही है। विभागाध्यक्ष नैक के सम्बन्ध में तैयारियों के लिये शिक्षकों को अपने स्तर

से निर्देशित करेंगे। परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों को भी केन्द्र अधीक्षक के निर्देशों के अनुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।

4- विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16.03.2020 से प्रस्तावित परीक्षायें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही सम्पन्न करायी जायेंगी जिसके लिये महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये जिन कक्षों में परीक्षायें संचालित होंगी उन कक्षों के डोर नाब, स्विच, हैंड रेलिंग, मेज, कुर्सी आदि को अल्कोहलयुक्त सेनिटाइजर से साफ कराया जाये। बाथरूम को साफ-सुथरा रखा जाये जिसमें साबुन/हैन्ड वॉश/सेनिटाइजर की व्यवस्था हो तथा पानी की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। कक्षाओं में टिशू पेपर रखे जायें तथा इस्तेमाल किये गये टिशू पेपर को निस्तारित करने के लिये पैडल बिन वाले डस्टबिन कक्षाओं में रखे जाये। सभी छात्रों को परीक्षा शुरू होने से पहले करोना वायरस के बचाव के उपाय जैसे हाथों को अच्छी तरीके से धोना, सेनिटाइजर का प्रयोग करना, खांसी/छींक आने पर मुंह/नाक को ढककर रखना आदि की जानकारी दी जाये और महाविद्यालय में की गई सभी व्यवस्थाओं से उनको अवगत कराया जाये।

5- महाविद्यालय का पुस्तकालय, प्राचार्य कार्यालय, केन्द्रीय कार्यालय व सभी विभागों के कार्यालय खुले रहेंगे लेकिन उनको भी बिन्दु-3 में वर्णित स्वच्छता सम्बन्धी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

प्रतिलिपि :

1- प्रबन्धक, शिया पी.जी. कालेज, लखनऊ।

2- डायरेक्टर, सेल्फ-फाइनेन्स।

3- निदेशक, एस.सी.डी.आर.सी.।

4- ओ.एस.डी. खतीब-ए-अकबर मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर लाइब्रेरी।

प्राचार्य